उसकी नैया कभी डूबे नहीं | by Tezi Brothers

उसकी नैया कभी डूबे नहीं
जो श्याम शरण में जायेगा
ॐ श्री श्याम देवाये नमः
ॐ श्री श्याम देवाये नमः
ॐ श्री श्याम देवाये नमः
ॐ श्री श्याम देवाये नमः

क्यों दर दर भटके तू बन्देया
एक बार श्याम के दर पे जा
तेरे सारे दुःख हर लेगा वो
एक बार भरोसा करके जा
तेरी आँख के एक एक आंसू को
फिर श्याम पोंछने आएगा
उसकी नैया कभी डूबे नहीं
जो श्याम शरण में जायेगा
ॐ श्री श्याम देवाये नमः ....

वो कलयुग का अवतारी है
उसे पूजे दुनिया सारी है
वो साथ निभाता है सबका
वो बाबा शीश का दानी है
जो हार के उसको याद करे
वो लीले चढ़ कर आएगा
उसकी नैया कभी डूबे नहीं
जो श्याम शरण में जायेगा
ॐ श्री श्याम देवाये नमः ....

तेरी आस जो टूट ना पायेगी
हर मुश्किल हल हो जायेगी
क्यों फिकर करे फिर जीवन की
कोई आंच ना छूने पाएगी
तू जीवन के हर कदम कदम पर
श्याम आसरा पायेगा
उसकी नैया कभी डूबे नहीं
जो श्याम शरण में जायेगा
ॐ श्री श्याम देवाये नमः ....

तू चल उठ कदम बढ़ा तो सही
तू हिम्मत तो दिखला तो सही
खुद श्याम धणी फिर आएगा
अपने मन को समझा तो सही
तेरे श्याम धणी तेरा हाथ पकड़
खुद खाटू तक ले जायेगा
उसकी नैया कभी डूबे नहीं
जो श्याम शरण में जायेगा
ॐ श्री श्याम देवाये नमः ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%89%e0%a4%b8%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%ad%e0%a5%80-%e0%a4%a1%e0%a5%82%e0%a4%ac%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-by-tezi-brothers/